कार्यालय प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, नौगाँव
जिला–छतरपुर(म.प्र.) – 471201
(म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2012 में स्थापित)

फोन(ऑफिस) 07685–292217,292218
फैक्स 07685–292217
ईमेल enggcollegenowgong@rediffmail.com
वेबसाइट www.necnowgong.in

क्रं0 / ई0सी0एन0 / कार्या0 / 2023 / 467

दिनाँक 13/12/2023

/ /अति आवश्यक सूचना/ /

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के बी0टेक0 प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर एवं लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आर0जी0पी0व्ही0 पोर्टल पर ऑन–लाइन नामांकन की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन प्रक्रिया के उपरांत निम्नानुसार दस्तावेज महाविद्यालय में उपस्थित होकर पुस्तकालय में अनिवार्यतः दिनॉक 30 / 12 / 2023 तक जमा करे–

1. नामांकन फॉर्म के प्रिंट आउट।
2. छात्र / छात्राओं की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति।
3. काउसिंलिग प्रवेश रसीद / सी0एल0सी0 प्रवेश की सत्यापित छायाप्रति।
4. ऑनलाइन नामांकन शुल्क की रसीद।
   (नामांकन शुल्क रू0 150 / – म0प्र0 मूलनिवासी एवं नामांकन शुल्क रू0 650 / – म0प्र0 के अनिवासी)
5. स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टी0सी0) की सत्यापित छायाप्रति।
6. माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

प्राचार्य
इंजीनियरिंग महाविद्यालय
नौगॉव, जिला–छतरपुर (म0प्र0)

पृ0क्रं0 / ई0सी0एन0 / कार्या0 / 2023 / 468

दिनॉक 13/12/2023

प्रतिलिपिः–

1. सिविल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष की ओर सूचनार्थ।
2. पुस्तकालय प्रभारी, पुस्तकालय विभाग की ओर पालनार्थ हेतु सूचनार्थ।
3. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

SD/-
प्राचार्य
इंजीनियरिंग महाविद्यालय
नौगॉव, जिला–छतरपुर (म0प्र0)

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांक: 0755–2678855

249
13/12/23

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / 3240 भोपाल, दिनांक : 12/12/2023

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों कें ऑन–लाईन नामांकन फार्म की हार्ड कापी एवं SDF & EVL Form जमा करने के संबंध में ।

संदर्भ : वि.वि. का पत्र क्र. / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / 3004 दिनांक 02 / 11 / 2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में आपकी संस्था में संचालित बी.टेक / बी.फार्मेसी / एम.बी.ए. / एम.बी.ए. (इंटीग्रेटेड) / बी. डिजाइन / बी.ई. / बी.टेक. (पार्ट टाईम) एम.सी.ए. / एम.सी.ए. (इंटीग्रेटेड) / बी.आर्क. / एम.ई. / एम.टेक. / एम. फार्मा / फार्म डी / एम.आर्क. / एम.टेक. (पार्ट टाईम) प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित तथा लेटरल एन्ट्री में द्वितीय वर्ष / तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के लिये ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया दिनांक 13 / 12 / 2023 से प्रारंभ की जा रही है जिसकी **अंतिम तिथि 30 / 12 / 2023 निर्धारित की गई है।** अतः उपरोक्त ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित अवधि के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में वर्ष 2023–24 में प्रवेशित छात्र निर्धारित अवधि में पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन नहीं करने / भरने की स्थिति में संस्था / महाविद्यालय में लिया गया प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जावेगा। नामांकन शुल्क राशि रू.150 / –(मध्यप्रदेश निवासी छात्र) एवं नामांकन शुल्क राशि रू. 650 / – (मध्यप्रदेश के वाहर के निवासी छात्र) जमा करने के लिये विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध है, ऑनलाईन प्रकिया के उपरांत विश्वविद्यालय में हार्डकापी जमा हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करे :–

1. नामांकन फार्म के प्रिंट आउट जिस पर संस्था के प्राचार्य / संचालक के स्याही पेन के हस्ताक्षर एवं सील अंकित की गई हो। (इसके अभाव में नामांकन फॉर्म निरस्त माना जावेगा)
2. छात्र / छात्राओं की दसवी एवं बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण की अथवा अर्हकारी परीक्षा की प्राचार्य द्वारा सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें।
3. काउंसलिग प्रवेश रसीद / सी.एल.सी. प्रवेश की प्राचार्य द्वारा सत्यापित छायाप्रति ।
4. ऑनलाईन नामांकन शुल्क की रसीद ।
5. काउंसलिग के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेने की प्रवेश रसीद / स्लिप संलग्न करें।
6. नामांकन शुल्क राशि रू.150 / –(मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र एवं नामांकन शुल्क राशि रू.650 / – (मध्यप्रदेश के अनिवासी छात्र) विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन शुल्क जमा करेंगे तथा उसकी रसीद नामांकन फॉर्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
7. नामांकन फॉर्म के साथ टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) की प्राचार्य द्वारा सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें तथा उसकी मूल प्रति महाविद्यालय में संधारित करें।
8. नामांकन फॉर्म के साथ माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बिना माइग्रेशन के नामांकन फार्म स्वीकार नही किए जावेंगे। सत्र 2023–24 में प्रवेशित समस्त छात्रों के ओरिजनल माईग्रेशन प्रमाण पत्र एव स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें ।
9. प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित तथा लेटरल एन्ट्री में द्वितीय वर्ष / तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के नामांकन फॉर्म एवं अन्य वांछित दस्तावेज पाठ्यक्रम एवं ब्रांच अनुसार पृथक–पृथक बंडल बनाकर प्रस्तुत करें जिससे परीक्षण के समय अनावश्यक विलंब न हो।
10. माह नवंबर–2023 में विश्वविद्यालय द्वारा (SDF & EVL Form) महाविद्यालय के लॉगिन में उपलब्ध कराया गया है। जिसका प्रारूप पुनः इस पत्र के साथ संलग्न है। जिसकी कार्यवाही पूर्ण कर नामांकन फॉर्मो के साथ विश्वविद्यालय में जमा किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

क्रमशः

Controller Examinations
R.G.P.V., Bhopal (M.P.)